तापमान

अधिकतम 23 .6 डिग्री

न्यूनतम 6 .5 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 25 दिसंबर, 2023



13 खाटू नरेश के कीर्तन से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा





14 राजीव के सिर सजा हिंदू संस्था की प्रधानी का ताज




## खबर संक्षेप

### शहर में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**गोहाना।** शहर में आज रक्तदान शिविर लगेगा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की गोहाना इकाई के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गजराज कौशिक उस रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि होंगे जिसे सोमवार को शहर में टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में अपने साप्ताहिक शिविर के रूप में भागराम ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जाएगा। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गंगनेजा करेंगी। संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास करेंगे। रक्त के संकलन के लिए सोनीपत से रोटरी ब्लड बैंक की टीम आएगी।

### नाहरी से 25 केवी का ट्रांसफार्मर चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नाहरी में बिजली निगम द्वारा स्थापित ट्रांसफार्मर चोरी होने का मामला सामने आया है। निगम के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

बिजली निगम में कार्यरत अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि विभाग की तरफ से गांव नाहरी मे 25 केवी का ट्रांसफार्मर लग रखा है। जिसके गत 15 दिसंबर को चोरी कर लिया। निगम अधिकारियों की तरफ से अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सुधीर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### चार मकानों में सेंध लगाकर नकदी चोरी

**गोहाना।** गोहाना में चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। दो दिन में चार मकानों में सेंध लगाकर आभूषण व नकदी चोरी की गई। अब चोरों ने गीता कालोनी व शहर से सटे गढ़ी उजाले खां में दो मकानों में सेंध लगाकर आभूषण और नकदी चोरी कर ली। पिंकी ने पुलिस को बताया कि उसके पति गुरजीत मेडिकल स्टोर पर काम करते हैं जबकि वह निजी स्कूल में नौकरी करती है। शुक्रवार को वह अपने बच्चों के साथ स्कूल चली गई और पति मेडिकल स्टोर पर चले गए। मकान पर ताला लगा हुआ था। वह शाम साढ़े पांच बजे घर वापस आई तो ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। चोर एक लाख रुपये और सोने का मंगलसूत्र चोरी कर ले गए। दूसरी तरफ गीता कालोनी के सुमित के आवास में भी चोरी हो गई।

### मामूली कहासुनी में युवक को पीटा

**खरखौदा।** गांव रोहणा में मामूली कहासुनी को लेकर एक युवक ने अपने परिजनों सहित दूसरे युवक को पीट कर घायल कर दिया। रोहणा निवासी मनजीत ने बताया कि वह खरखौदा जाने के लिए घर से गली में निकाला था। उसके साथ एक बुजुर्ग भी चल रहे थे। अचानक बुजुर्ग को ठोकर लग गई। जिस पर गांव का एक युवक आशीष हंसने लगा। जब उसने आशीष को समझाने की कोशिश की, तो वह उसके साथ गाली गलौज करके हाथापाई करने लगा।

### इको चालक व उसके साथियों ने पैसे छीने

**गोहाना।** एक यात्री ने शहर में आंबेडकर चौक के निकट इको चालक और उसके साथियों पर मारपीट करके उसके पैसे लेकर भागने का आरोप लगाया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। चोपड़ा कालोनी के सतीश ने पुलिस को बताया कि वह कुंडली में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह रोजाना सुबह बस में कुंडली जाता है। शुक्रवार सुबह बस निकल गई तो वह कुंडली जाने के लिए बस स्टैंड के निकट से इको में बैठा लिया। आंबेडकर चौक के पास जाकर उसके साथ मारपीट की और पैसे छीन लिए।

## चार दिन आंका जाएगा पहली से तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का बौद्धिक ज्ञान


### निपुण हरियाणा टीचर एप पर 26 से 30 दिसंबर तक किया जाएगा आकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की बुनियाद मजूबत करने के उद्देश्य से निपुण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत विद्यार्थियों को खेल खेल में पढ़ाया जाता है। इसके लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुची पैदा की जा सके। अब विभाग की तरफ से पहली से तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का सावधिक आंकलन किया जाएगा।

### शेड्यूल किया जारी

मुख्यालय की तरफ से इसका शेड्यूल जारी कर दिया है। इस कड़ी में पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों का बौद्धिक आंकलन किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विद्यार्थी का निपुण हरियाणा टीचर एप पर ऑनलाइन माध्यम से पेपर लिया जाएगा। शिक्षकों को यह कार्य 26 से 30 दिसंबर तक करना होगा। जिसके तहत विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम से संबंधित ही प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसके लिए मुख्यालय ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत मोबाइल एप पर लिंक शेड्यूल अनुसार 26 दिसंबर से कार्य करना शुरू करेगा। शिक्षकों को यह कार्य 30 दिसंबर तक पूर्ण करना होगा। सावधिक आंकलन दो में हिंदी, अंग्रेजी व गणित विषय को शामिल किया गया है।



- ऑनलाइन आएगा पेपर, एप पर ही लेंगे विद्यार्थियों की परीक्षा
- विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया

शिक्षकों को एक-एक कर सभी विद्यार्थियों को मोबाइल एप पर ही आंकलन करना होगा। यह पेपर 80 अंक का होगा, जिसमें पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न ही पूछे जाएंगे। इसके अलावा 20 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन किया जाएगा। प्राप्त अंक के आधार पर ही विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर का आंकलन किया जाएगा और उसी के अनुसार शिक्षण कार्य करवाया जाएगा। विशेष बात यह है कि जहां मोबाइल का नेटवर्क नहीं होगा, वहां विद्यार्थियों का पेपर ऑफलाइन माध्यम से ही लिया जाएगा। बाद में परिणाम को एप पर अपलोड करना होगा। साथ ही ऑफलाइन पेपर लेने का कारण भी स्पष्ट करना होगा।

### अंकों के आधार पर होगा छात्रों का आकलन

> पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर का आंकलन करने के लिए सावधिक आंकलन-दो किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थियों का मोबाइल एप पर पेपर होगा, जिसमें प्राप्त अंकों के आधार पर विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर का आंकलन किया जाएगा। इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शिक्षकों को यह कार्य 26 से 30 दिसंबर तक करना होगा।
>
> **-मनोज वर्मा**, जिला समन्वयक, एफएलएन,

## नागरिक अस्पताल में 24 बेड का आइसोलेशन वार्ड स्थापित

### कोरोना के जेएन-1 वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में कोरोना के नए वेरियंट जेएन-1 से निपटने के लिए जिल स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल में 24 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। वहीं खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ित गंभीर मरीजों की कोरोना जांच के लिए सैंपल लेने आरंभ कर दिए है।

- परिसर के दोनों ऑक्सीजन प्लॉट को चालू रखने के निर्देश

अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में स्थापित दोनों ऑक्सीजन प्लांट को चालू रखने के निर्देश दिए है। आइसोलेशन वार्ड में भर्ती होने वाले संक्रमितों के उपचार के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी। ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कमी न रह जाये।

बता दें कि कोविड-19 संक्रमण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए 200 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) का ऑक्सीजन प्लांट लगाया था। इसके शुरू होने से रोजाना 40 सिलिंडर ऑक्सीजन का उत्पादन किया जाता है। इसके बाद कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत गुजरात की एलएंडटी कंपनी ने 1000 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया था। इस प्लांट के जरिए 200 सिलिंडर ऑक्सीजन का उत्पादन किया जाता है। जिला नागरिक अस्पताल ऑक्सीजन उत्पादन में आत्मनिर्भर है। अस्पताल प्रबंधन को बाजार से ऑक्सीजन सिलिंडर भरवाने की आवश्यकता नहीं होती। जिले में कोरोना का नया मरीज कोई नहीं मिला है। हालांकि कोरोना के नए वेरिएंट दस्तक के बाद विभाग ने सैंपलिंग बढ़ाने के आदेश स्थानीय अधिकारियों को दे दिए है, ताकि नए वेरिएंट से संक्रमित मरीजों की पहचान कर उनका इलाज किया जा सके और उसे ज्यादा लोगों में फैलने से रोका जा सके। इसके लिए जिला नागरिक अस्पताल में ऑक्सीजन बेड, वेंटिलेटर, दवा व टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अस्पताल में 24 ऑक्सीजन बेड स्थापित है। जिनमें ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है।



**सोनीपत।** अस्पताल में स्थापित वार्ड में ऑक्सीजन बेड।

### निजी व सरकारी में बेड निर्धारित

विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कोई ऐसा मरीज सामने नहीं आया है। हर रोज करीब 20 सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे है। विभाग के दिशा-निर्देशों पर प्राइवेट, सरकारी अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी पर बेड निर्धारित कि गए है। जिनमें करीब 800 बेड आक्सीजन, 360 बेड आईसीयू व 134 बेड वेंटिलेटर के तैयार है।

### कोविड गाइडलाइन का पालन करें

> डब्ल्यूएचओ की ओर से मिली जानकारी अनुसार वेरिएंट दूसरे वायरस की तरह खतरनाक नहीं है, लेकिन लोगों को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करना बेहद जरूरी है। विभाग के दिशा-निर्देशों पर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। प्रबंधन की तरफ से बेहत्तर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रयासरत है।
>
> डा. लोकवीर, प्रधान चिकित्सक अधिकारी

## बाइक चोरी का आरोपित गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 सोनीपत थाना क्षेत्र से दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित निवासी गाजीपुर यूपी हाल कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत मे पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।



### ये था मामला

उत्तर प्रदेश हालत में बहालगढ़ निवासी सोनू कुमार ने गत 3 जनवरी 2022 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने बच्चों को दवाई दिलवाने के लिए नागरिक अस्तपाल सोनीपत में आया था। उसने अपनी बाइक को अस्पताल परिसर की पार्किंग में खड़ा कर दिया। दवाई दिलवाकर वापिस पार्किंग में आया तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए अंकित कुमार को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को काबू कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी मामले में अन्य सबूत जुटा रहे है।

- पुलिस ने अमित निवासी कुंडली को दबोचा
- मामले में एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार कर चुकी पुलिस

## बोहला में शराब ठेके पर आग लगाने का आरोप, आरोपितों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- सेल्समैन को ठेके से बाहर निकालकर आग लगाई
- शराब की पेटियां व अन्य सामान चल गया, आरोपित फरार

मोहाना थाना क्षेत्र के गांव बोहला में शराब ठेके पर सेल्समैन को बाहर निकालकर ठेके में आग लगाने के आरोप का मामला सामने आया है। शराब ठेकेदार ने एक युवक व उसके साथियों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव सलारपुर माजरा निवासी प्रवेश ने बताया कि उन्होंने गांव बोहला माजरा में शराब का ठेका खोल रखा है। उनके ठेके पर गांव सलारपुर माजरा का जयभगवान सेल्समैन हैं। जयभगवान शनिवार को ठेके पर मौजूद था। तभी पिनाना का अमित अपने साथियों के साथ उनके ठेके पर आया था। आरोपी ने रंजिशन उनके सेल्समैन को बाहर निकाल दिया और ठेके में आग लगा दी। जिससे अंदर रखी शराब की 18 पेटी आग में जल गई। इसके साथ ही उन्होंने फ्रिज व चारपाई को ठेके से बाहर निकालकर उनके भी आग लग गई। जिससे फ्रिज व चारपाई भी जल गए। उसके बाद वह सेल्समैन को मारने की धमकी देकर भाग गए। सेल्समैन ने उन्हें मामले से अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने इस संबंध में अमित व अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## खेतों में घूम रहे दो दोस्तों पर हमला

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में युवक ने बाइक सवार युवकों पर मंगेतर से रिश्ता तोड़ने का दबाव बनाने व मारपीट कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। देवडू निवासी सोहेल ने बताया कि वह अपने दोस्त अरशद के साथ खेतों की तरफ घूमने जा रहे थे। इसी दौरान चार बाइकों पर सवार होकर आठ युवक उनके पास आए। एक युवक ने मोबाइल में उनकी मंगेतर का फोटो दिखा कर रिश्ता तोड़ने का दबाव बनाया। उनका रिश्ता करीब 10 माह पहले गन्नौर क्षेत्र की युवती से हुआ था। इसके बाद अचानक युवकों ने बेल्ट और लात-घूंसों से हमला शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आरोपित मौके से भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विकास ने बताया कि युवकों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## सेक्टर-7 में सूने मकान से नकदी और गहने चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-7 में स्थित मकान से लाखों रुपये कीमत के जेवरात व हजारों रुपये की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-7 निवासी जवाहरलाल ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के पास परिवार सहित दिल्ली चला गया। रात को अपने परिवार के साथ वापिस लौटा। छत के रास्ते किसी ने घर के अंदर घुसकर करीब तीन तोले सोना व घर के अंदर रखे हुए करीब 12 हजार रुपये की राशि गायब मिली। किसी ने जेवरात व रुपयों को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना करके चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।




## भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनेगा , शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी

- उत्सव के दिन घर-घर में दीपक जलेंगे तथा हर मंदिर में कीर्तन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- अयोध्या से अक्षत दीपक आएंगे जिन्हें गोहाना के हर घर में पहुंचाया जाएगा
- कार्यक्रम के लिए कमेटी का गठन

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तर्ज पर उसी दिन समान उत्सव गोहाना में भी होगा। इस के लिए अयोध्या से अक्षत दीपक आएंगे जिन्हें गोहाना के हर घर में पहुंचाया जाएगा। उत्सव के दिन हर घर में दीपक जलेंगे तथा हर मंदिर में कीर्तन होगा।



**गोहाना।** जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्य।

यह संकल्प गोहाना की श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कमेटी के गठन के अवसर पर किया गया। कमेटी के संरक्षक सुरेंद्र गर्ग, अध्यक्ष राजेंद्र गिरधर, सह-संयोजक डॉ. मनोज शर्मा और अशोक लठवाल बने। गोहाना शहर के संयोजक कुलदीप कौशिक, सह संयोजक महेंद्र भारद्वाज, आशीष कुमार और अश्विनी कुमार होंगे। कमेटी ने तय किया कि अयोध्या से जो अक्षत दीपक आएंगे, उनको एक जनवरी से 15 जनवरी के मध्य गोहाना के हर घर और मंदिर में पहुंचा दिया जाएगा। कमेटी 25 दिसंबर को होने वाली अगली बैठक में तय करेगी कि गोहाना शहर में भव्य शोभायात्रा कब निकाली जाए।

## महिला की हत्या और शव खुर्द-बुर्द करने का आरोपित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- अदालत ने आरोपित को तीन दिन के रिमांड पर भेजा

मुरथल थाना पुलिस ने महिला की हत्या कर शव को खुर्द-बुर्द करने के लिए फेंके गए मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित फरमान निवासी ग्यासपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।


गांव उमेदगढ़ निवासी शाहरूख ने 19 दिसंबर को पुलसि से शिकायत देकर बताया कि उसकी बहन गुलस्तिा (22) की शादी रखसेड़ा गांव में हुई थी। हाल में वह ग्यासपुर गांव में किराए के मकान पर रहती थी। उसी बहन व जीजा कंपनी में काम करते थे। उनकी करीब सात माह पहले दो युवकों के साथ झगड़ा हो गया था।

जिसको लेकर उसकी बहन व जीजा की तरफ से आरोपितों के खिलाफ शिकायत दी थी। जिसकी दोनों रंजिश रखे हुए थे। उसे आज सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या कर दी है। वह मौके पर पहुंचे। जहां देखा कि उसकी बहन की तेजधार हथियार से गर्दन अलग कर रखी है। उसके शव को जानवरों ने खाया हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था।

पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक वेदवीर ने बताया कि पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

*मेरी आत्मा बड़ी सुलझी हुई बात कह देती है कभी-कभी। अच्छी आत्मा 'फ़ोल्डिंग' कुर्सी की तरह होनी चाहिए। ज़रूरत पड़ी तब फैलाकर उस पर बैठ गए; नहीं तो मोड़कर कोने में टिका दिया।*

**-हरिशंकर परसाई**



*अभी जब वह अपने कमीज और दुपट्टे को समेत कर बैठी तो लगा कि किसी हंसनी ने घास के इस झील में डुबकी लगा दी हो! लम्बी पलकों की पंखुरियों को उठाना, मानो कली चटक गई हो।' वह नर्म दूब के पौधे को उखाड़ कर हथेलियों से रगड़ रही थी और उसका चेहरा लाल हो उठा था।*



# गोपा

कहानी | जयन्त



जाड़े के दिनों में जब दिन बड़े होने लगे थे, दोपहर की गुनगुनी धूप में शिरीष के पेड़ के नीचे नर्म दूब पर लेटना कितना अच्छा लगता था। युवक-युवतियाँ झुंडों में बैठ कर बातें करते, कुछ पत्रिकाओं के पन्ने पलटे जाते, कुछ अपने लिखे नोटस दुहराए जाते, कुछ सिगरेटों को फूँका जाता, पान की गिल्लौरियाँ चबाई जातीं, विभिन्न मुद्दों पर नरम-गरम बहस होती, हँसी-ठहाके गूँजते और इस बीच कुछ युवतियाँ निरूद्देश्य तिनकों और कंकड़ों को उछालतीं या फिर उन्हें चुहलवश एक-दूसरे पर फेंकती रहतीं। क्लास के लिए घंटी बजती तो कुछ कैम्पस की गेट की तरफ चले जाते तो कुछ कक्षाओं की तरफ चले जाते। पिछली शताब्दी में कॉलेजों में कुछ ऐसी ही रौनक रहा करती थी। अब कॉलेजों की भीड़ टेक्निकल कॉलेजों की ओर चली गई है परन्तु वहाँ इस तरह का माहौल नहीं मिलता। सब कुछ यत्रवत सा हो गया है। सभी अपने भविष्य को ले कर चिंतित रहते हैं। पहले कुछ सैटलमेंन्ट हो जाए तब मौज-मस्ती!

ऐसी ही एक अलसायी ढलती दोपहर में गौतम अपनी किताब-कॉपी बगल में रखे अधलेटा सा कुछ पढ़ रहा था। वह एक पत्र था जो उसके पिता जी ने घर से भेजा था। पत्र में उसे आने को कहा गया था। उसके साथियों के झुंड कैंटीन की तरफ चले गए थे। कुछ लड़कियाँ थोड़ी दूर पर बैठीं हुई थीं। गौतम पत्र दो बार पढ़ चुका था और मन ही मन कुछ हिसाब लगा रहा था। सहसा किसी ने पत्र को उसके हाथों से झटक लिया - यह सलीम था।

'अरे ! सलीम क्या कर रहे हो ?'

'क्या कर रहे हो ऽ ऽ ऽ. . .!' सलीम फटे ढोल की तरह बज उठा, उसके होठों पर हँसी थी, प्रिय गौतम! ऽ ऽ . . . सेंडर्स एड्रेस नदारथ ऽ ऽ. .' गौतम ने पत्र छीनने का असफल प्रयास किया। -'. . . और भेजने वाली का नाम भी गायब, . . .क्यों मियाँ!' उफ कितनी तेज आवाज़ थी उसकी तभी घंटी बजी।

'नहीं सलीम, फादर का लेटर है।'

'फादर का लेटर है !". हमसे छिपाते हो. . . .?'

'क्या है'

कई स्वर एक साथ उभरे। लड़कियों का झुंड करीब आ चुका था।

'क्या है. .?' गौतम लगातार पत्र लेने का प्रयास कर रहा था।

'क्या है क्या! . . .गुरु की मंगेतर का लेटर है!'- कहते हुए उसने पत्र उसे लौटा दिया। सलीम ने फिर से कहने का प्रयास किया कि पत्र उसके पिता का है परन्तु उसकी आवाज़ दब कर रह गई।

'हो . .ऽ .ऽ. .!'- की एक-दो आवाज़ आई और फिर किसी ने जोरदार हल्ला मचाया -

'हुर्रे . . . तो फिर पार्टी पक्की।'

'नहीं-नहीं पिता जी का पत्र है। ऐसी कोई बात ही नहीं है।'- गौतम ने कान बंद करते हुए जोर से चिल्ला कर कहा।

'मिठाई खिलाने से डरते हैं ?'

अल्का ने कहा और फिर से शोर उठा तभी मिस्टर कैम्ब्रिज, उर्फ मिस्टर पी. सी. बोस उनके बीच आ पहुँचे। सभी लेक्चर थिएटर में चले गए। कक्षा चल रही थी और गौतम उधेड़-बुन में लगा था कि पैसे का कैसे प्रबंध करे और कैसे घर जाए? मिस्टर कैम्ब्रिज तेज़ स्वभाव वाली नायिका का कैरेक्टर समझा रहे थे। महीने में दो दिन और बचे हैं - गौतम सोच रहा था। उधर मिस्टर बोस समझा रहे थे कि किस प्रकार नायिका ने नायक को उल्लू बनाया और जब नायक ने उसके गिफ़्ट पार्सल को खोला तो उसमें उसे नायिका रोज़लिन का पुराना सैंडिल मिला।

'हे. . .यू, व्हाट आर यू थिंकिंग?' मिस्टर बोस ने गौतम की ओर संकेत किया तभी घंटी बज गई। किसी ने पीछे से कहा - 'वे गोपा के विषय में सोच रहे हैं।. . .कि अब क्या होगा?' मिस्टर बोस ने उठते हुए कहा - 'आई सी बट शी इज़ लाइक रोज़लिन।' गौतम ने दो बेंच आगे बैठी गोपा को देखा, उसका चेहरा सिंदूरी हो उठा था, सभी हँस रहे थे। उसने ज़ोर से कहा 'मेरे पास पुराना सैंडिल है।. . .पार्सल कर दूँगी।'- उसने गुस्से में भनभनाते हुए कहा। मिस्टर बोस तबतक आगे जा चुके थे शायद जानबूझ कर अनजान बनते हुए ! थोड़ी देर में कक्षा खाली हो गई। गौतम धीमे कदमों से बाहर निकल आया। उससे आगे दो-चार लडकियाँ आपस में बातें करती हुई चल रही थीं। गोपा ठीक उसके पीछे थी। उसने मद्धिम स्वर में पुकारा -

'गौतम जी . . . ।'

'क्या बात है . . .गोपा जी?'

'आप से कुछ बात करनी थी . . .।'

'क्या . .बोलो?'

'अभी नहीं, . . .जब आसपास कोई नहीं रहेगा तब।'

'लेकिन कब?'

'मिलेंगे, कहेंगे . . .आप फ्री मिलें तब तो? . . . हर समय तो . .।'

बात अधूरी छोड़ कर वह दूसरी तरफ़ चली गई। क्या कहना चाहती है? वह भी मैं जब फ्री मिलूँ! ऐसे तो कभी बात नहीं करती वह। आज तक कोई विशेष बात भी नहीं . . .किया उसने? क्या कहना कहती है? वह उसकी बात मन ही मन दोहराता रहा। प्रायः लड़के-लडकियाँ उन्हें छेड़ा करते थे 'गोपा और गौतम'- 'गोपा और गौतम', वह आगे बढ़ गया।

> *"दोपहर की गुनगुनी धूप में शिरीष के पेड़ के नीचे नर्म दूब पर लेटना कितना अच्छा लगता था। युवक-युवतियाँ झुंडों में बैठ कर बातें करते, कुछ पत्रिकाओं के पन्ने पलटे जाते, कुछ अपने लिखे नोटस दुहराए जाते।"*

गौतम को घर से लौट कर आए तीन-चार दिन गुजर चुके थे। जाड़े कि एक वैसी ही दुपहर में जब वृक्षों कि परछाईयाँ पूरब की तरफ आड़े-तिरछे लम्बी हो आईं थीं, घने लता कुंज के पास गौतम घुटने पर दोनों हाथ बांधे बैठा था। हिन्दी की कक्षा थी प्रोफेसर राम साहेब की और वे यशोधरा पढ़ाते थे।. . . कौन जाएगा, गोपा-गौतम वाला प्रसंग चल रहा है, अगले चैप्टर के आने पर ही क्लास करूँगा। जाने का अर्थ है वह दिमाग चाटेगा और सभी मुझे और गोपा को चिढ़ाएँगे। दूर से तरणताल का जल नीला-नीला दिखाई पड़ रहा था और ठंडी हवा उस जल के स्पर्श से और भी सिहर गई थी। . . .तभी . .सहसा ही गोपा आती दिखाई पड़ी। वह नजदीक आई, गौतम कुछ पूछता उसके पहले ही घास पर बैठ गई। गौतम ने उसे गहरी नज़रों से देखा और मन ही मन कहा, 'कितनी अच्छी लगती है गोपा ! . . . अभी जब वह अपने कमीज़ और दुपट्टे को समेत कर बैठी तो लगा कि किसी हंसनी ने घास के इस झील में डुबकी लगा दी हो! लम्बी पलकों की पंखुरियों को उठाना, मानो कली चटक गई हो।' वह नर्म दूब के पौधे को उखाड़ कर हथेलियों से रगड़ रही थी और उसका चेहरा कुछ कहने के लिए लाल हो उठा था।

गौतम को याद आया एक बार उसे खिलखिला कर हँसते देखा था, जब वे कैंटीन में बैठे थे और सलीम ने जल्दीबाजी में पानी का पूरा ग्लास अपने पर उढ़ेल लिया था।. . .वह सामने कि मेज़ पर बैठी हुई थी और यह देख कर ज़ोरों से हँस पड़ी थी, एकदम उन्मुक्त हँसी। गौतम को ऐसा लगा था कि किसी ने मखमल की मंजूषा को खोल कर मोतियों को बिखेर दिया हो।. . . और उस क्षण को वह कैसे भूल सकता है जब कक्षा में जाते समय गौतम की बाँह में कील चुभ गई थी और गोपा ने अपनी हथेलियों से कस कर दबा कर उसे बहते खून को रोकने का प्रयास किया था। दोनों को उस एक अव्यक्त पल ने ही तो तब से एक-दूसरे के कितना पास ला दिया था, इसका तो उन्हें आभास ही नहीं था। तभी से लड़के-लडकियाँ उन दोनों को चिढ़ाने लगे थे।

'सुनिए, . . .आपकी शादी तय हो गई है क्या . . .?'

'नहीं तो, . . .किसने कहा!'

'आप झूठ बोल रहे हैं न? . . .उस दिन सलीम जी कह रहे थे इसीलिए तो . . .आप घर गए थे।' उसका गला रुंध गया।

'मैं नही जानती थी . . .आप मुझे' उसकी आँखों से आंसू टपटप गिरने लगे।

'यह तुम क्या कह रही हो गोपा !'

'जो अबतक नहीं कह . . . पाई।. . .और क्या कहूँगी।'

'गोपा . . ऽ ऽ. . .! तुम्हारी सौगन्ध . . .सलीम मज़ाक कर रहा था।" गोपा ने उसे गहरी नज़रों से देखा। उसके गालों पर आंसू सूख चुके थे। -". . . पर तुमने पहले कभी!'

'आपने मेरी. . .झूठी कसम खाई . . .?'

'नहीं गोपा . . मैंने झूठ कहा हो तो . . . .मैं मर जाऊँ।' 'बस . .चुप रहिए।'- उसने क्षण भर के लिए अपने कानों को हथेलियों से दबा लिया, लेकिन गोपा तुमने . . .कभी कुछ नहीं बताया!" गौतम ने उठ कर बैठते हुए अपना हाथ उसकी ओर बढ़ाया और गोपा ने उसे अपने हाथों में ले कर झुलाते हुए कहा - 'कुछ नहीं बोलूँगी. . . .बस जाइए, आपसे बात ही नहीं करूँगी . . . ।'

'गोपा, मेरी बात तो सुनो . ऽ ऽ. . .'

वह उठ खड़ी हुई, आँखों में आँखों को डाल कर स्मित हास्य से देखा और बोली "बोलना और सुनना . . . इतना ज़रूरी है क्या ?'

गौतम ने चाहा कि उसे रोक ले, पुकार ले परन्तु ऐसा नहीं कर सका। ईसा की छठी शताब्दी पूर्व गौतम ने जीवन-मरण की पहेली सुलझाई थी परन्तु गोपा को नहीं समझ सके थे, आज भी गौतम उसे नहीं समझ पाया है।

*(लेखिक वरिष्ठ साहित्यकार हैं और लगातार लेखन कर रहे हैं।)*

---

गीत | राजपाल सिंह गुलिया



धूल - धुएँ को फाँक - फाँक कर,
हुई हवा जहरीली .

फिरे बाँटती सबको निशिदिन,
जहर भरी सौगातें .
सीख चिमनियों से ली इसने,
कितनी कलुषित बातें .
ओढ़ धुआँसा बरगद मलता,
अपनी आँखें गीली .

धुआँ - धुआँ पर्यावरण जहाँ,
ढोता रोज उदासी .
प्रयासों का आश्वासन वहीं,
लेता बैठ उबासी .
हालत पतली होगी गर जो,
रही व्यवस्था ढीली .


साँसों पर संकट गहराया,
है भावों में खिन्नता .
धुँधलाए परिवेश की कहो,
पौंछे कौन मलिनता .
चौपालों से संसद तक हैं,
बातें खाली -पीली .

---

कविता | मोनिका राज



## दुल्हन बनती हुई मैं



तुम्हारा बेहद सफ़्फ़ाक़-सा चेहरा और
तुम्हें अपने पोरों से स्पर्श करती हुई मैं।

तुम्हारा प्रेमबद्ध आलिंगन और
उसमें प्रेमातुर समाई हुई मैं।

तुम्हारे सपनों से भरे नयन और
उनमें स्वच्छंद विचरती हुई मैं।

तेरा अधूरा-सा एक ख़्वाब और
उसे हकीकत करती हुई मैं।

एक मंजिल तक पहुंचने का होड़ और
उन राहों में तेरे साथ चलती हुई मैं।

एक चाहत बस तेरा हो जाने की और
धीमे-धीमे सिर्फ तुम्हारी होती हुई मैं।

एक अनंत सफ़र तक चलने की ज़िद और
उसमें तेरा हमसफ़र बनती हुई मैं।

थोड़े-थोड़े अधूरे-से तुम और
तुम्हें हरपल पूरा करती हुई मैं।

एक ख्वाहिश तुम्हें जीवनसाथी बनाने की और
उसमें बस तुम्हारी दुल्हन बनती हुई मैं।

---

लघुकथा | शशि किरन



## धन्यवाद सेंटा

धवलगिरि के पहाड़ो पर बर्फ गिरने लगी। इसके बावजूद बाज़ारों में रौनक थी। दो दिन बाद क्रिसमस जो आने वाला था। पहाड़ी पर बने एक मात्र गिरिजाघर में प्रभु यीशु के स्वागत की तैयारियां चल रही थीं, गिरिजाघर को लड़ियों से सजाया जा रहा था। क्रिसमस केरॉल की मधुर धुन गूंज रही थी। गिरिजाघर के एक ओर जहां प्रार्थना की कुर्सियाँ लगी थीं वहीं गोशाला का दृश्य बनाया गया, और प्रभु यीशु के बाल रूप को सजाया गया। बाज़ार में सेंटा की ड्रेस पहने लोग छोटे बच्चों को टॉफी और चॉकलेट बाँट रहे थे चारों ओर रौनक ही रौनक थी। जॉन को भी हर साल सेंटा से एक उपहार मिलता, उसका बहुत मन करता कि वह सेंटा को देख सके पर सेंटा हमेशा रात को उसके सोने के बाद आते। अगले दिन उसे उपहार के साथ एक कहानी सुनने को मिलती सेंटा अपनी स्लेज में बैठकर आते हैं उपहार रखकर चले जाते हैं, आठ वर्ष का छोटा सा जॉन यह सोचता ही रह जाता कि हमेशा उसके मनचाहे उपहार सेंटा को कैसे पता चलते हैं ? तभी माँ ने खाने के लिए आवाज़ दी ! जॉन खाना तैयार है आता हूँ ! कहकर जॉन कमरे से बाहर आ गया। जॉन खाना खाने बैठ गया और माँ से बोला, 'माँ क्या पापा काम से नहीं लौटे ? उन्हें आज कुछ जरूरी काम था माँ ने जवाब दिया तो आप मेरे साथ खाना खा लो नहीं बेटा तुम खा लो। तुम्हारे पापा आएंगे तो मैं उनके साथ खा लूँगी,, ठीक है माँ! कहकर जॉन अपना खाना खाने लगा,, हमेशा ऐसा ही होता रहता। जॉन के पापा अक्सर देर से आते। माँ उनको खाना खिलाने के बाद खाना खातीं। जॉन को अकेले खाना पड़ता। खाना खाने के बाद जॉन सोने चला गया। माँ जॉन के पापा का इंतज़ार करती रहीं। आधी रात के लगभग जॉन के पापा घर आये। मां ने खाना गर्म किया और टेबल पर लगा दिया। जॉन के पापा ने रंग बिरंगी पन्नी चढा एक छोटा सा पैकेट माँ की ओर बढ़ाया। माँ मुस्कुराने लगी और बोलीं ओहह तो आप इसके लिए ओवरटाइम कर रहे हो। कल रात को जॉन के कमरे में रख देना। अभी इसे छुपा देती हूँ। हर साल क्रिसमस पर जॉन के माता-पिता उसके कमरे में उसका मनचाहा उपहार रख देते, उनके लिए जॉन के मनचाहे उपहार लेना सबसे बड़ा सपना होता। वे नहीं चाहते थे कि जॉन खुद को हीन महसूस करे। अगले दिन क्रिसमस से पहली रात लगभग दो बजे जॉन के सो जाने के बाद ,जॉन के पिता सेंटा बन उसका उपहार रखने आये। उन्होंने पढ़ने की मेज़ पर उपहार रख दिया पर जैसे ही मुड़े उनका पैर किसी चीज से टकराया। उन्होंने झुक कर देखा तो एक पैकेट था जिस पर कार्ड लगा हुआ था। जॉन के पिता कार्ड पर लिखा संदेश पढ़ने लगे। प्रिय सेंटा, आप हर साल क्रिसमस पर मुझे उपहार देते हो इस साल मैं आपके लिए उपहार लाया हूँ..! जॉन। जॉन के पिता ने पैकेट खोला उसमें एक सुंदर जैकेट था , कोने में जॉन की टूटी हुई गुल्लक पड़ी थी। जॉन के पिता की आंखें नम हो गईं, जॉन के पिता का जैकेट जगह जगह से कट गया था पर वे जैकेट नहीं ले रहे थे क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं जॉन के उपहार के लिए रुपये कम न पड़ जाएँ उन्होंने जॉन को चूमा और सोने चले गए । अगली सुबह जॉन ने आँखे खोली तो पिता को खड़ा पाया। जैसे कह रहे हो -"धन्यवाद सैंटा" !

---

**डा. विश्वबंधु का कहना है कि हिंदी का कोई भी शब्द अपना नहीं है, जिसमें विभिन्न राज्यों की बोली के शब्दों का मिश्रण है। वे पिछले दस साल से हिंदी के शब्द निर्माण विज्ञान पर कार्य कर रहे हैं और अभी तक पहला खंड पूरा हुआ है। इंटरनेट और मोबाइल के युग में युवा पीढ़ी के दिमाग व चरित्र भ्रष्ट हो रहे हैं और समाज भी पथभ्रष्ट हो रहा है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# इंटरनेट और मोबाइल के युग में भटकी युवा पीढ़ी

साहित्यकारों ने हर विधा में साहित्य सृजन करते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर समाज को सकारात्मक विचारधारा के लिए नई ऊर्जा देने में योगदान दिया है। वहीं अपनी संस्कृति तथा परंपराओं के संवर्धन के लिए भी साहित्य साधना के माध्यम से नई पीढ़ियों की राह प्रशस्त करने का प्रयास में जुटे साहित्यकारों में डा. विश्वबंधु शर्मा एक ऐसे मूर्घन्य विद्वानों में शुमार हैं, जिन्होंने हरियाणा की लोक कलाओं और संस्कृति के स्वरूप व उसे पहचान दिलाने के लिए हरियाणवी, हिंदी और संस्कृत भाषा में साहित्य सृजन कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा का व्याकरण लिखकर हरियाणवी भाषा के साहित्यकार के रूप में तो लोकप्रियता हासिल की है, वहीं वे पिछले दस साल से हिन्दी भाषा के व्याकरण करके 'शब्द निर्माण विज्ञान' पर गहनता से कार्य करने में जुटे हुए हैं। उनकी यह साहित्य साधना हिंदी जगत के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। गद्य एवं पद्य में लेखन करने वाले डॉ. विश्वबंधु शर्मा ने अपने साहित्यिक सफर के बारे में हरिभूमि संवाददाता से बातचीत में कई ऐसे महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनकी साधना साहित्य जगत को नया आयाम देने में सक्षम हो सकती है। विश्वबंधु शर्मा का जन्म 02 सितम्बर, 1953 को भिवानी जिले के पुर गांव में संस्कृत के प्रकांड पंडित ब्रजलाल शास्त्री और श्रीमती अंती देवी के घर में हुआ। उनके पिता ब्रजलाल उस समय के उत्तर भारत के एक मात्र अग्निहोत्री थे। मसलन उनके परिवार में दियासलाई से आग जलाना प्रतिबंधित था और परिवार में पांच कुंड से अग्नि लेकर ही चूल्हे के अलावा अन्य आग जलाई जाती थी। परिवार में साहित्य और संस्कृति के माहौल में विश्वबंधु को उनके पिता ने संस्कृत श्लोक कंठस्थ करा दिये थे। डॉ. विश्वबंधु शर्मा ने बताया कि विरासत में मिली साहित्य-संस्कृति की वजह से बचपन से ही उन्हें साहित्य, कला एवं परंपरागत संस्कृति में रुचि हो गई। छात्र जीवन में स्कूल में साप्ताहिक बाल सभाओं में वे कविताएं सुनाने लगे थे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा भाषण प्रतियोगिताओं में जहां भी वह हिस्सा लेते थे, तो प्रथम पुरस्कार उन्हीं को मिलता था। जब वह कक्षा सात में पढ़ रहे थे, तो साल 1967 में उनके पिता का बीमारी के चलते निधन हो गया। इस वजह से स्कूल जाना कम हो गया और घर की जिम्मेदारियां बढ़ गई। किसी तरह से द्वितीय श्रेणी में मैट्रिक पास कर ली। भिवानी में उनके विज्ञान के शिक्षक रामेश्वरदास पुरी उनसे प्रेम करते थे, जो उसे अपनी ससुराल साहनेवाल (पंजाब) ले गए, जहां उनकी ससुराल में लाला छज्जूमल को काम करने वाले लड़के की जरूरत थी। दो साल तक उनके यहां काम किया और वहीं से लाला की मेहरबानी ने उन्होंने साल 1970 में प्रभाकर पास किया। लाला छज्जूमल ने उन्हें गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल प्रतापपुरा, जालंधर में हिंदी अध्यापक लगवा दिया। उसके बाद वह हिसार आ गये, जहां से ओटी की परीक्षा पास की। बकौल डा. विश्वबंधु शर्मा उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए अपने छोटे भाईयों को भी पढ़ाया, जिनमें से एक फौज में गया और कारगिल युद्ध में शहीद हुआ और दो भाई शास्त्री हो गये। उन्होंने खुद दो विषयों में एमए किया। राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर से उन्होंने साठोत्तरी हिंदी में शोधकार्य कर पीएचडी की, जबकि आधुनिक हिन्दी महाकाव्यों का समाजशास्त्रीय अध्ययन कर डी.लिट की उपाधि हासिल की है। सितंबर 1981 में डा. शर्मा वैश्य कालेज रोहतक में हिंदी विभाग में लेक्चरार नियुक्त हुए और 20 साल तक विभागध्यक्ष रहने के बाद सितंबर 2013 में एसोसिएट प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए।

### प्रकाशित पुस्तकें

डॉ. विश्वबंधु शर्मा की प्रकाशित 30 पुस्तकों में साठोत्तर हिन्दी-महाकाव्यों में पात्र-कल्पना, संक्षिप्त भाषा विज्ञान, हिन्दी भाषा भास्कर, चेत मछंदर गोरख आया( हरियाणवी उपन्यास), जामदग्नेय (उपन्यास), आपणा मरण जगत की हाँसी व कोरी हाण्डी (हरियाणवी झलकी संग्रह), भगत सुदामा (हरियाणवी खण्डकाव्य), दुर्गा चरित (हरियावणी महाकाव्य), चासणी (हरियाणवी कविता-संग्रह), हरियाणा के लोकगीत (संपादित), भारत का सूरज : सूरजमल (हरियाणवी ऐतिहासिक उपन्यास), लाला छज्जूमल (संस्मरण संग्रह), दीवानों का मसीहा



डॉ. विश्वबंधु शर्मा

### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी से झलकी संग्रह 'अपणा मरण जगत की हांसी' और साठोत्तरी हिंदी कविता पर प्रथम पुरस्कार हासिल करने वाले डॉ. विश्वबंधु शर्मा को अकादमी द्वारा जनकवि मेहर सिंह सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उन्हें उदयभानु हंस वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान, रघुवीर सिंह मथाना पुरस्कार, सारस्वत सम्मान, शाश्वामृत सम्मान, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी समृति सम्मान, कलम नायक सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान, विद्यासागर सम्मान, साहित्य कौस्तुभम अलंकरण सम्मान, कबीर सम्मान के साथ ही अध्यापन

## व्यक्तिगत परिचय

**नामः** नामः डॉ. विश्वबंधु शर्मा
जन्मतिथिः 02 सितम्बर, 1953
जन्म स्थानः ग्राम-पुर, तहसील-बवानी खेड़ा, जिला-भिवानी (हरियाणा)
शिक्षाः एमए(इतिहास), एमए (हिन्दी), पीएचडी, डी.लिट्
सम्प्रतिः सेवानिवृत्तअध्यक्ष, हिन्दी विभाग, वैश्य कॉलेज, रोहतक (हरियाणा), पूर्व प्रो. बीएमयू, स्वतंत्र लेखन

---

# इंद्रधनुषी कविताएं: तुम बिन सूना मधुमास



पुस्तक समीक्षा | शशि कांत चौहान

कविता मन की अभिव्यक्ति होती है। कवि जैसी भी परिस्थिति को देखता है वैसी ही कविता का सृजन करता है। कवि अपनी पुस्तक में सभी तरह की रचनाओं का संग्रह करता है। इस दृष्टि से सुमन लता का काव्य संग्रह तुम बिन सूना मधुमास अपने आप में विविधता लिये हुए है। साधारणतयाः एक कवि समाज की विभिन्न समस्याओं, विसंगतियों पर कलम चलाता है, लेकिन सुमन लता ने इन सबके साथ साथ सभी विधाओं में अपनी लेखनी चलाई है। यह वाकई इस काव्य संग्रह को इंद्रधनुषी बनाता है।

**पुस्तक : तुम बिन सुना मधुमास**
**लेखक : सुमन लता**
**मूल्य : 250 रुपये**
**प्रकाशक : सुकीर्ति प्रकाशन**

कवयित्री ने अपनी पुस्तक में कविताओं के साथ-साथ हरिगीतिका छंद, सेवैया, मुक्तक आदि सभी को स्थान दिया है। सुमन ने अपनी कविताओं में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर आए पतन के अलावा राष्ट्र प्रेम, प्रकृति के प्रति प्रेम, समर्पण समाज में आए छलकपट, जल संरक्षण कोरोना काल और नई पीढ़ी के प्रति चिंता जताते हुए मोबाइल के दुष्परिणाम सहित अन्य कविताओं को संग्रह करके समाज को जागरूक करने का प्रयास किया है। पुस्तक की शुरूआत ईश्वर की वंदना के साथ करके आस्तिक रहने का संदेश दिया है जो पाठकों में सकारात्मकता का संचार करता है।

पुस्तक में कुल मिलाकर 74 रचनाएं हैं। इनमें दो कविताएं पानी बचाने का संदेश देती हैं। होली जैसे उत्सव पर जिस तरह से पानी की बर्बादी की जाती है उसे पानी न बहाना और समाज में लगातार हो रहे पानी के अंधाधुंध प्रयोग को लेकर 'जल बचाओ' में चेताया गया है। 'धार्मिक हिंसा' में किस तरह आमजन राजनेताओं के हाथों की कठपुतली बनकर अपने ही भाइयों के सामने हथियार उठा लेता है उसे उजागर किया है। 'सरपंची चुनाव' में भी ग्रामीण स्तर पर नेताओं की हकीकत से रूबरू करवाने का प्रयास किया है। बेटियां समाज में सदियों से हर स्तर पर भेदभाव झेलती आ रही हैं, इसे कवयित्री ने 'बेटियां' कविता में दिखाया है।

सुमन लता की कविताओं की भाषा शैली सहज एवं सरल है। कई कविताओं में हरियाणवी टच भी है। पुस्तक में प्रूफ रीडिंग संबंधी खामियां कई जगह नजर आती हैं ये वाकई खलता है। कुल मिलाकर रुचिकर बन पड़ा है।

---

# जीवन में प्रेरणा का दीपक जलाती 'ऊर्जस्वी'



पुस्तक समीक्षा | डॉ. गोरख प्रसाद मस्ताना

जिस क्षण व्यक्ति प्रज्ञा पथी होने लगता है या ज्ञान की गंगा में डुबकियां लेने लगता है, उसके अंतःस्थल में उपस्थित भाव-पक्ष निरंतर जागृत होने लगता है और उसकी दृष्टि एक ओर वैज्ञानिक चिंतन तो दूसरी ओर आध्यात्मिक ऊर्जा से उर्जित होने लगती है। इसी मनःस्थिति में जस्वी" जैसी कृति का अवतरण होता है। 'ऊर्जस्वी' उसी क्षमता का एक उपहार है जिसमें 32 आलेख उपस्थित हैं। हर आलेख प्रेरणास्पद और ज्ञान का ऊर्जा स्त्रोत है, जिनमें लेखक की प्रतिभा, विज्ञता, गहन अध्ययन और चिंतन का समावेश है। तुलसी के पत्तों की भांति पवित्र भावाव्यक्ति साथ ही वैज्ञानिक चिंतन से समृद्ध यह कृति नृप जी का एक विशिष्ट प्रयास ही तो है। असफलता से सीखना सफ़लता ही तो है।, अंधेरा, अंधेरे से दूर नहीं होता, बदले की भावना का परित्याग, स्वार्थसाधन हेतु न बने अनैतिक, अहंकारी नहीं गुणवान बने, समय मूल्यवान है, सत्य की महत्ता, नैतिक मूल्यों का महत्व, सफल होने के लिए अनुशासन आदि अनेकानेक आलेख मात्र शब्दों के संयोजन नहीं हैं, जीवन दर्शन हैं, जिनका अध्ययन हमारे पथ को आलोकित करने वाला साधन है, पाथेय है। लेखक की दृष्टि में उसके आलेख केवल कल्पना विलास नहीं बल्कि जीवन को मथ कर निकाला हुआ सार है। किसी रचना का चिंतन जितना ही सरगर्भित होता है उसकी दृष्टि उतनी ही विशाल होती जाती है। किसी भी रचनाकार की कृति में उसके भीतर का व्यक्ति अभिव्यक्त होता है और वहां से जो साहित्य सृजन होता है वहीं उसका संघर्ष और कर्मशीलता प्रकट होती है, जो नियति का बंद द्वार खोलने में सक्षम होती है। नृप के अधिकारपूर्ण भाषा में यथावांछित विविधता है, जिसमें जीवन का सत्य भी है और भविष्य की योजना भी। नृपेंद्र अभिषेक नृप की यह कृति उसमें सन्निहित आलेख जहां जीवन की सफलता के लिए आवश्यक हैं, आध्यात्मिक जीवन की प्रेरणा भी हैं। मैं 'ऊर्जस्वी' के रचनाकार नृपेंद्र अभिषेक नृप की इस कृति की सफलता के लिए सर्वदा आग्रही हूँ। पाठकों के बीच यह कृति बहुत लोकप्रिय होगी। वे ऐसी और कृतियों से साहित्य को समृद्ध करेंगे।

**पुस्तक : ऊर्जस्वी**
**लेखक : नृपेन्द्र अभिषेक नृप**
**मूल्य : 199 रुपये**
**प्रकाशक : स्वेतवर्णा**

### श्याम महोत्सव संध्या कार्यक्रम में दिखा भक्ति का उत्साह

# खाटू नरेश के कीर्तन से मिलती है सकारात्मक उर्जा : तरुण देवीदास

कार्यक्रम में शिरकत करते हुए भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कथावाचक महाराज के चरणों में शीश झुकाते हुए आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्री श्याम धनी कीर्तन मंडल फाउंडेशन द्वारा कुंडली में भव्य श्री श्याम सकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कथावाचक महाराज के चरणों में शीश झुकाते हुए उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा नेता तरुण देवीदास द्वारा खाटू नरेश के जयकारे लगाए गए।

तरुण ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमारे ऋषि मुनियों एवं महापुरुषों ने हमेशा समाज में फैली बुराइयो का अंत करने में अपना अहम योगदान दिया है। उन्होंने अपने उपदेशों से मनुष्य के जीवन को लगातार आगे बढ़ने का प्रयास किया है। उनके उपदेशों से हमें अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा एवं सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में अच्छे कर्म करते रहने चाहिए और जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करनी चाहिए। क्योंकि जो लोग अच्छे कर्म करते हैं वह जीवन में सदा सुखी रहते हैं।श्री श्याम धनी कीर्तन मंडल फाउंडेशन द्वारा कुंडली में भव्य श्री श्याम सकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर अशोक गर्ग, राजेश कंसल, विकास तुषीर, मुकेश तुषीर, पार्षद नितिन, सुरेश गोयल, नरेंद्र चावला, आकाश जिंदल की मुख्य उपस्थिति रही।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता तरुण देवीदास। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। बस यात्रा को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अग्रोह शक्तिपीठ पहुंची भक्तों की बस

- कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी वरदान दिवस के शुभ अवसर पर 18 कुंडीय महायज्ञ का विशाल एवं भव्य आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा पितृ भूमि अग्रोहा शक्तिपीठ में आयोजित कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी वरदान दिवस के शुभ अवसर पर 18 कुंडीय महायज्ञ के विशाल एवं भव्य आयोजन में अपनी एवं अपने परिवार की आहुति डालने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत की तीनों इकाई रविवार को एक बस अग्रोहा शक्तिपीठ पहुंचीं। वापसी में बीड बाबरान खाटू श्याम मंदिर हिसार के भी दर्शन किए गए। बस निःशुल्क भाजपा नेता राजीव जैन द्वारा उपलब्ध करवाई गई है बस को राजीव जैन द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस दौरान सीए अनुजा मंगला ने बताया कि सोमवार को खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बबीता जिंदल, अनिल गुप्ता, सीए अनुज मंगला, राजीव मित्तल, प्रमोद जैन, मोहित अग्रवाल, दीपक गुप्ता, मोहित अग्रवाल, अजय जिन्दल, विनय जैन, प्रमोद गोयल, संजय सिंगला, अंकुश सिंगला, प्रवीण गोयल आदि मौजूद रहे।

# स्वर्ग धाम सुधार समिति ने चलाया साप्ताहिक सामूहिक सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रविवार को स्वर्ग धाम (श्मशान घाट) में स्वर्ग धाम सुधार समिति खरखौदा ने साप्ताहिक सामूहिक सफाई अभियान चलाया । जिसमें ओमदत्त वत्स , पूर्व पार्षद आजाद भौरिया, महेंद्र सिंहमार , नवीन दहिया, प्रवीण सैनी, मा. राजेश सैनी , राजीव जुनेजा, गोपाल सैनी, भाई राजवीर, रामफल सैनी, भाई सोनू , श्रीकांत, अमित सैनी,मा. लक्षित का महत्वपूर्ण योगदान रहा । सभी ने मिलकर स्वर्ग धाम की सफाई की गई तथा पानी की व्यवस्था को व्यवस्थित किया। संस्कार वाले स्थान के बाहर दोनों तरफ पार्क में उगी घास को साफ किया गया। संस्कार वाले स्थान पर रोशनी के लिए खंबा लगाकर लाइट लगाई गई थी।उसके लिए अंडरग्राउंड तार दबाकर लाइटों का कनेक्शन चालू किया गया। इसके अलावा स्वर्ग धाम में चल रहे सुधार कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा आगे होने वाले सुधार कार्यों के बारे में विचार विमर्श किया गया।



खरखौदा। स्वर्ग धाम में श्रमदान करते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

## क्रिकेट मैच के साथ हुई ड्राइंग प्रतियोगिता

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (र-7) के प्रांगण में रविवार को क्रिकेट मैच प्रतियोगिता एवं स्कालरशिप, ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के नौवीं कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों ने भाग लिया। आर्यभट सदन, चाणक्य सदन, पतंजलि सदन, विवेकानंद सदन के छात्रों ने क्रिकेट मैच में अपनी- अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रबंधक सुखप्रिय शास्त्री, निर्देशक दीपक, प्राचार्य नरेन्द्र कुमार ने सभी सदनों के क्रिकेट मैच का अवलोकन किया तथा छात्रों का उत्साहवर्धन किया। चाणक्य सदन ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान आर्यभट सदन ने ग्रहण किया। वहीं अन्य प्रतियोगिताओं में आर्यभट सदन प्रथम रहा। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक, बौद्धिक, मानसिक स्तर को बढ़ावा देना है तथा छात्रों को जीवन में उत्कृष्टता की ओर ले जाना है। प्रबंधक सुखप्रिय शास्त्री के करकमलों द्वारा क्रिकेट मैच प्रतियोगिता के विजयी सदनों को पारितोषिक प्रदान किया गया। निर्देशक दीपक एवं प्राचार्य नरेंद कुमार, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने क्रमशः छात्रों को अग्रिम व उत्कृष्ट जीवन की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।



सोनीपत। क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान टॉस करवाते हुए प्राचार्य।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

- डीबीएम पब्लिक स्कूल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-महम मार्ग पर गांव मदीना में स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के टिप्स भी दिए गए।

प्रतियोगिता के लिए नेतृत्व स्कूल के एमडी विकास मलिक का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या पूजा राणा ने की। कक्षा पहली से कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों के लिए गणित प्रश्नोत्तरी के अलावा अन्य विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियां करवाई गई। कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने शेप्स पिज्जा ए डिलाइट का आनंद लिया, कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने मैथेमेटिकल बिंगो, कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने सिमेट्रिक फेस मास्क का आनंद लिया। इस अवसर पर नकुल, दीपांशु, सागर, आयुष,वर्षा, तम्मन्ना, रिया, हन्नी और रिद्धि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन में अनिल रोहिल्ला, प्रवीन कुकरेजा, सुरेंद्र मालिक, निशिता खन्ना, श्याम सैनी, विक्की सिहान, प्रीति गिल, बिजेंद्र नरवाल, विजय प्रकाश तिवारी और पूजा चाहर का विशेष योगदान रहा।



प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए विद्यार्थी।

## धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह

- मुख्यातिथि आईपीएस सुमन मंजरी (सेवानिवृत)व विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

देवऋषि सीनियर सैकेंडरी स्कूल बहालगढ़ स्थित का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि आईपीएस सुमन मंजरी (सेवानिवृत)व विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने शिरकत की। अतिविशिष्ठ अतिथि सतपाल अहलावत, ज्ञानेन्द्र अहलावत, सुभाष शिशोदिया, सत्यवीर आर्य, युवा कांग्रेस नेता जसपाल आंतिल, खेवड़ा गांव के कांग्रेस नेता संजय आंतिल , जयबीर गहलावत, प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजमेर सिंह, डा. गुलशन आदि ने शिरकत की। सभी अतिथियों का स्कूल में पहुंचने पर स्कूल के निदेशक जोगेन्द्र आंतिल, प्रधानाचार्या रेनू गहलावत, नरेन्द्र धीमान ने बूके एवं फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा रंगारंग देश भक्ति से ओतप्रोत, धार्मिक, राधा कृष्ण का नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी अभिभावकों ने सराहना की। मुख्यातिथि आईपीएस सुमन मंजरी ने संबोधित करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रधानाचार्य जोगेन्द्र आंतिल ने कहा कि आईपीएस के सपने को पूरा करने के लिए स्कूल की छात्रा मीनाक्षी प्रयासरत है, उनके पति को प्रदेश में आईपीएस का कैंडर मिला है। स्कूल के लिए गौरव की बात है। एशियन, वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीतकर स्कूल के छात्र सुमित ने नाम रौशन किया। इस मौके पर शिक्षक मंजीत उपप्रधानाचार्य, रेनू नांदल, समय सिंह, नीरज त्यागी, श्री कृष्ण लिवानिया, चांद, जयभगवान, जयकरण, दिनेश, मुकेश, रमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।




राई। मुख्यातिथि आईपीएस सुमन मंजरी (सेवानिवृत)व डीईओ नवीन गुलिया मेधावी छात्रों पुरस्कार वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि




राई। देवषि स्कूल के छात्र वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

### हत्या की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** एंटी नारकॉटिक सैल सोनीपत की टीम ने हत्या की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुमेर निवासी खेवड़ा हालत मे पटेल नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

गांव करेवड़ी निवासी सुदेश ने 20 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका बेटा सोनू गत 23 नवंबर को अपनी मोटरसाइकिल को लेकर घर से गया था। वापिस नहीं आया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं महिला ने 22 दिसंबर को फिर से पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके बेटा सोनू घर से सुमेर से मिलने गया था। सुमेर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में एंटी नारकॉटिक सैल सोनीपत टीम ने कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

## नन्ने-मुन्नों ने दी अलाद्दीन के चिराग की प्रस्तुति

- जैन विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक वार्षिकोत्सव का आयोजन, प्रो. शाहिद अख्तार और राजीव जैन ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जैन विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव आरंगम धूमधाम से मनाया गया। मुख्यातिथि के रूप में अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के लिए राष्ट्रीय आयोग के सदस्य प्रो. शाहिद अख्तर और भाजपा नेता राजीव जैन ने शिरकत की। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, सचिव शशि भूषण जैन, प्राचार्य डॉ. नीरू व प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा देखने योग्य थी। नन्हे मुन्नों की अलाद्दीन का चिराग प्रस्तुति देखने योग्य थी। रायना, विदित, गौरव, दक्ष, छायांक, दिया, रियांशी के नृत्य की दर्शकों ने जमकर तारीफ की। श्रीकृष्ण लीला में विद्यार्थियों ने ऐसा समा बांधा कि नजरें उनके नृत्य से हट ही नहीं रही थी। विद्यार्थियों की तरफ से एक लघु नाटक का भी मंचन किया गया। विद्यालय में विभिन्न विषयों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। वर्किंग व नॉन वर्किंग मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्राचार्य डॉ. नीरू ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जावेद अख्तर व राजीव जैन ने भी शब्दों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। सत्र 2022-23 की बोर्ड की परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले और विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रधान एवं अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। पौधारोपण करते हुए संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण सुरक्षा को किया पौधरोपण

**गोहाना।** रविवार को समाज कल्याण संगठन ने अपने साप्ताहिक अभियान में 18 नए पौधे रोपे। संगठन की टीम ने वाटर टैंकर से पुराने पौधों को सींचा भी। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। सोनीपत मोड़ से ले कर पानीपत बाईपास तक पौधारोपण हुआ। संगठन की टीम ने कुल 18 नए पौधे रोपे। ये पौधे बरगद, अर्जुन, नीम और पीपल के थे। लगाए गए प्रत्येक नए पौधे को ट्री गार्ड से संरक्षित किया गया। टीम ने पुराने पौधों को वाटर टैंकर से सींचा। ऐसे पौधों की निराई, गुड़ाई और छंटाई की गई। पौधों में दीमक रोधी दवाई भी डाली गई। पौधारोपण के लिए श्रमदान मनोज, अभिमन्यु, सुभाष, सुनील, राजेश, बलजीत, हरीश, साहिल, प्रवीण, जगदीश आदि ने किया।

### शिविर में नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट, बाढ़सा के चिकित्सक रहे मौजूद

# शिविर में 64 युनिट रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

गांव पाई के श्रीराम स्कूल में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट, बाढ़शा से डॉ आयुष के नेतृत्व में आठ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। कैंप का शुभारंभ स्कूल प्रिंसिपल कुलदीप वत्स ने किया। कैंप में गांव पाई, किढ़ौली, पहलादपुर से पहुंचे लोगों ने 64 यूनिट रक्तदान किया। कैंप का मुख्य उद्देश्य लोगों को निजी स्वास्थ्य और समाज सेवा के बारे में जागरूक करना था। कुलदीप वत्स ने बताया कि हमारे खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से खून ज्यादा गाढ़ा हो जाता है, जिससे हमारे शरीर की नसें ब्लॉक होकर शरीर को हार्ट अटैक, कैंसर, डिप्रेशन, एलर्जी आदि का खतरा हमेशा बना रहता है। सर्दी के मौसम में यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यदि हम समय-समय पर रक्तदान करते हैं तो हमारे शरीर में 90% हार्ट अटैक की संभावना कम हो जाती है और शरीर को अन्य अनेकों बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। इन दिनों खानपान की गलत आदतों और अति व्यस्तता के कारण हमारे शरीर में हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है, इसीलिए हमें समय-समय पर रक्तदान अवश्य करते रहना चाहिए। इस रक्तदान शिविर में श्रीराम स्कूल,पाई के स्टॉफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान अशोक प्रधान, अंगद, सुरेंद्र, सुनील, गोविंद, प्रवीण दहिया, कुलदीप दहिया, सचिन, प्रमिला, स्नेह, मूर्ति, ज्योति दहिया, दीपांशु, तुषार आदि ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र , टी-शर्ट, रिफ्रेशमेंट आदि भेंट करके अभियान को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।



खरखौदा। कैंप में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

- रक्तदान करने से हार्ट का खतरा होता है कम

# हर नागरिक को करवानी चाहिए नियमित स्वास्थ्य जांच : जैन

- दुर्गा मंदिर ककरोई रोड पर लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि हर नागरिक को नियमित स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए ताकि गंभीर बीमारियो का पहली स्टेज पर ही पता लग सके और बीमारी का इलाज हो सके। केंद्र सरकार ने गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु गरीब परिवार को आयुष्मान योजना प्रदान की है। राजीव जैन रविवार को दुर्गा मंदिर ककरोई रोड पर श्री राम अस्पताल द्वारा लगाए गये मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करने के बाद जांच के लिए आए नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य ही उत्तम जीवन का आधार है और स्वस्थ शरीर में परमात्मा निवास करते हैं। राजीव जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चिरायु योजना के तहत बी.पी.एल परिवारों को निःशुल्क साथ-साथ 1 लाख 80 हजार से 3 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों को मात्र 1500 रुपये सालाना में 5 लाख तक का इलाज करवाने की सुविधा प्रदान की है।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता राजीव जैन का स्वागत करते हुए।

## खबर संक्षेप

### यूनिवर्सिटी बनने से गोहाना बनेगा शिक्षा का हब



**गोहाना।** भाजपा जिला सोनीपत की जिला कार्यकारिणी के सदस्य गांव धनाना निवासी कुलदीप शर्मा ने कहा कि जनता शिक्षण संस्थान, बुटाना को स्टेट यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने से गोहाना और बरोदा हलके शिक्षा का हब बन जाएंगे। इस संस्थान को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिए जाने से क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था मजबूत बनेगी और रोजगार के अवसर खुलेंगे। भाजपा नेता कुलदीप शर्मा ने कहा कि स्वाधीनता प्राप्ति से पहले भगत फूल सिंह ने वर्ष 1919 में गांव भैंसवाल कलां में लडकों का गुरुकुल और वर्ष 1936 में गांव खानपुर कलां में लड़कियों के गुरुकुल की स्थापना की गई थी। आजादी मिलने के शीघ्र बाद स्व. धज्जा राम सांगवान ने बरोदा हलके के गांव बुटाना में जनता शिक्षण संस्थान की स्थापना की थी। कुलदीप शर्मा ने कहा कि अब गठबंधन सरकार द्वारा जनता शिक्षण संस्थान को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाएगा जिससे क्षेत्र को एक और यूनिवर्सिटी की सौगात मिलेगी। शीघ्र ओवरटेक करने की प्रक्रिया शुरू है।

### 86 मतों से पूर्व प्रधान श्रीभगवान गुप्ता को दी मात

# राजीव अग्रवाल के सिर पर सजा हिंदू संस्था की प्रधानी का ताज

- हिंदू विद्यापीठ में हुए सोनीपत की सबसे पुरानी शिक्षण संस्था के चुनाव
- 887 में से 495 ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग
- सभी पदों पर राजीव अग्रवाल पैनल ने मारी बाजी



**सोनीपत।** चुनाव जीतने के बाद राजीव अग्रवाल और उनके पैनल के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** हिंदू विद्यापीठ में मतदान प्रक्रिया के दौरान बाहर बैठे समिति सदस्य।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

जिले की सबसे पुरानी संस्थाओं में से एक द सोनीपत हिंदू एजुकेशन एंड चैरिटेबल सोसाइटी के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए। इन चुनावों में राजीव अग्रवाल ने 86 मतों से श्रीभगवान गुप्ता को हराकर प्रधान पद पर कब्जा किया है। उपप्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष और 17 सदस्य पदों पर भी राजीव अग्रवाल पैनल के ही उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। जिसमें राजेश मित्तल ने उपप्रधान, अनुज मित्तल ने महासचिव, जयकंवार जैन ने कोषाध्यक्ष पद पर बाजी मारी है।

बता दें कि हिंदू संस्था के प्रधान सहित विभिन्न पदों के लिए हिंदू विद्यापीठ स्कूल में रविवार सुबह आठ बजे मतदान प्रक्रिया शुरू की गई थी। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए मतदान केंद्र के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई थी। चुनाव कराने के लिए रिटर्निंग अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी सुबह ही मतदान केंद्र में पहुंच गई थी। शाम पांच बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। मतदाता सूची में 887 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए थे। हालांकि इनमें से 223 सदस्य मृत चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 495 मतदाताओं ने ही अपने मत का प्रयोग किया था। देर शाम करीब साढ़े आठ बजे के बाद परिणाम घोषित किए गए।

जिसमें प्रधान पद पर राजीव अग्रवाल ने जीत दर्ज की। उपप्रधान पद पर राजेश मित्तल ने 95 मतों से, सचिव पद के लिए अनुज मित्तल ने 71 मतों और कोषाध्यक्ष पद जयकंवार जैन ने 151 मतों से जीत दर्ज की। वहीं महासचिव पद के लिये राजीव अग्रवाल और श्रीभगवान गुप्ता पैनल के अलावा देवेंद्र कुमार भी बिना किसी पैनल के मैदान में थे।

#### कितने मतों से दर्ज की जीत

| पद | विजेता | प्राप्त मत | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|
| प्रधान | राजीव अग्रवाल | 289 | 89 |
| उप प्रधान | राजेश मित्तल | 293 | 95 |
| सचिव | अनुज मित्तल | 232 | 72 |
| कोषाध्यक्ष | जयकंवार जैन | 321 | 151 |

#### श्रीभगवान गुप्ता पैनल की ये रही स्थिति

| पद | उम्मीदवार | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| प्रधान | श्रीभगवान गुप्ता | 203 |
| उपप्रधान | पवन मित्तल | 198 |
| महासचिव | रवि प्रकाश | 72 |
| कोषाध्यक्ष | पवन गोयल | 170 |

# 149 लोगों की निःशुल्क हुई स्वास्थ्य जांच



**सोनीपत।** शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक।

- मंगलम सारथी फाउंडेशन तथा उजाला सिग्नस अस्पताल पटल के संयुक्त तत्वाधान में कुमासमपुर गांव में शिविर लगाई गई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

मंगलम सारथी फाउंडेशन तथा उजाला सिग्नस अस्पताल पटल के संयुक्त तत्वाधान में कुमासमपुर गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में राजीव जैन पूर्व मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री हरियाणा तथा महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अजय यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। संस्था संस्थापक लक्की रोहिला ने बताया कि शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, क्रिटिकल केयर फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा जनरल मेडिसिन के चिकित्सकों द्वारा 149 व्यक्तियों का स्वास्थ्य जांचा गया एवं स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक सलाह दी।

शिविर में मधुमेह, रक्तचाप, इसीजी तथा बीएमडी टेस्ट निशुल्क किए गए। रोगियों के परीक्षण के पश्चात उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में क्रीड़ा भारती के द्विप्रांत संगठन मंत्री उमेश कुमार, अजय रोहिल्ला, अमर, मनीष, अजय, सत्येंद्र, मनजीत, संस्था स्वयंसेविका सरिता, प्रिया, प्रीति तथा रोहित शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन हुआ

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव जाहरी व थरया में जनसंवाद कार्यकम का आयोजन
- भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद नेहरा ने किया शुभारंभ



**गन्नौर।** प्रधानाचार्य लक्की ड्रॉ के विजेताओं को वाशिंग मशीन देते हुए।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव जाहरी व थरया में जनसंवाद कार्यकम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद नेहरा ने किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का भी अवलोकन किया तथा महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी निभाई। नेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है। कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु चल-चित्र का भी प्रसारण किया गया। वहीं कृषि विकास को दशार्ने वाले ड्रोन का भी प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर सरपंच विनोद लाकड़ा, अमित सैनी, श्रवण सरपंच, सोनू, दीपक व नरेश सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### रोटी बैंक ने चाय का लंगर प्रारंभ किया

- 5 वर्ष से सेवा कर रहे रोटी बैंक और कपड़ा बैंक प्रत्येक शरद ऋतु में चाय का लंगर लगाते हैं।

**गोहाना।** शहर के बस स्टैंड पर संचालित रोटी-वस्त्र बैंक द्वारा रविवार को चाय का लंगर प्रारंभ कर दिया गया। 5 वर्ष से सेवा कर रहे रोटी बैंक और कपड़ा बैंक प्रत्येक शरद ऋतु में चाय का लंगर लगाते हैं। रविवार को रोटी-वस्त्र बैंक पर चाय के लंगर का विधिवत शुभारंभ राजेश लठवाल ने किया। वह सज्जन सेवा संघ के संस्थापक अध्यक्ष, राष्ट्रीय एन.जी.ओ. महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड की गोहाना यूनिट के अध्यक्ष हैं। इस अवसर पर अनिल गंगाणा, अमर सिंह तोमर, रोहतास खेड़ी, अशोक पांचाल, अनिल कथूरा, संदीप ककाणा, आशीष हुड्डा, रणबीर सैनी आदि भी उपस्थित रहे।

# क्रिसमस कार्यक्रम में मिसेज दिल्ली-एनसीआर ने की शिरकत



**गन्नौर।** प्रधानाचार्य लक्की ड्रॉ के विजेताओं को वाशिंग मशीन देते हुए।



**गन्नौर।** प्रधानाचार्य मिसेज दिल्ली एनसीआर की विजेता एम एस रशिका मथारू का बूका देकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

रौनक पब्लिक स्कूल में रविवार को क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस कार्निवल का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ विशेष अतिथि मिसेज दिल्ली एनसीआर (2022-2023)की विजेता एम एस रशिका मथारू ने दीप स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा के सहयोग से प्रज्वलित करके किया। कार्यकम में सबसे पहले स्कूल के बच्चों ने श्री गणेश भगवान की वंदना पर मनमोहक नृत्य कर अभिभावकों का मन मोह लिया। विशेष अतिथि रशिका मथारू ने कहा कि वर्तमान के यह छोटे-छोटे नौनिहाल ही आने वाली दुनिया के संचालक होंगें, इसलिए आज हम जो शिक्षा इन बच्चों को देंगें उसी से हमारे आने वाले कल की नींव रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज बच्चों में हमे सुनहरे भारत की तस्वीर दिखाई दे रही है।

प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने कहा कि इन छोटे बच्चों में जो प्रतिभा देखन को मिली है वो आलौकिक है। क्रिसमस कार्निवल में अभिभावकों ने खाने पीने के विभिन्न स्टालों पर अभिभावकों ने अपने बच्चें के साथ विभिन्न पकवानों का आनंद लिया। स्कूल के शिक्षक प्रमोद कौशिक, अरविन्द, गरजीत सिंह, राजेश यादव, चंदन, एस के गुलाटी, संजीव, निधि जैन, रूपेन्द्र कौर, ज्योति माथुर, मधु त्यागी आदि शिक्षकों ने व्यवस्था संभाली। इस कार्यक्रम में लक्की ड्रा प्रवीन गढ़ी केसी एलईडी, सुनील सोनीपत माईक्रोवेव, दीपांक को मोबाईल गन्नौर, योगेश का बजाज कंपनी की गीजर, गन्नौर के अर्पित को एलजी की वाशिंग मशीन आदि के इनाम प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने वितरित किए।

# कलश यात्रा में श्रीराम के जयकारों से हुआ भक्तिमय वातावरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई**

अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राई हलके के गांव मनौली से दहिसरा तक अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भाजपा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई व अन्य भगवान जय श्रीराम के नारो से वातावरण को भक्तिमय बनाया। सम्पूर्ण वातावरण जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। जगह-जगह पर लोग अक्षत कलश का स्वागत कर रहे थे। पुनीत राई ने बताया कि भगवान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से लाए गये पूजित अक्षत कलश को पंचायतों में एक पंचायत प्रमुख बना कर उन्हें पूजित अक्षत कलश सौंपने के निर्देश है। हर हिंदू के घर से अक्षत देकर 22 जनवरी के अभूतपूर्ण क्षण से जुड़ने के लिए आमंत्रण देते हुए कहा कि हर हिन्दू परिवार का यह परम धर्म बनता है कि भगवान श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या पहुंच कर अपने धर्म का ध्वजवाहक बनें और रामलला का दर्शन करें।



**राई।** अक्षित कलश यात्रा के दौरान मन्दिर में पहुंचने पर स्वागत करते भाजपा नेता पुनीत राई व ग्रामीण, सरपंच। फोटो : हरिभूमि


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


# समाज की तरक्की करनी है तो बच्चों को शिक्षित करना होगा: देवेन्द्र कादियान

- एसआरके स्किल सेंटर संचालक जोगेंद्र राजपूत व डीएस ओवरसीज एंड एजुकेशन कंसल्टेंट संचालक देवेंद्र राठौर ने किया स्वागत




**गन्नौर।** समाजसेवी देवेन्द्र कादियान का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते जोगेन्द्र राजपूत व देवेन्द्र राठौर। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

जिस भी समाज के बच्चे शिक्षित हो जाते है निश्चित तौर पर वह समाज तरक्की कर जाता है। यदि हमें समाज की तरक्की करनी है तो बच्चों को शिक्षित करना होगा। यह बात देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कार्यक्रम में कही। रविवार को बादशाही रोड स्थित दीवान गार्डन में सोनीपत एजुकेशन हब व लखेरा समाज द्वारा बढ़ते कदम थीम पर वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य मेहमान समाजसेवी देवेंद्र कादियान, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान राजेश चौहान व डा. रमेश चौहान, नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी, सुभाष, महेन्द्र ने शिरकत कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले एसआरके स्किल सेंटर संचालक जोगेंद्र राजपूत व डीएस ओवरसीज एंड एजुकेशन कंसल्टेंट संचालक देवेंद्र राठौर ने मेहमानों का फूल माला से स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए। कादियान ने शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों में समाज का नाम रोशन करने वाले करीब 40 मेधावियों को सम्मानित किया और कहा कि लखेरा (राजपूत) समाज के लोग मेहनतकश व ईमानदार है। लखेरा समाज के लोगों ने अपनी मेहनत के बलबूते पर समाज में एक अलग पहचान बनाई हे। डा. रमेश चौहान ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मान दिया गया। मौके पर देवेंद्र राठौर, मयंक अत्री, चंचल दूबे, पटवारी रामफल, स्वाति, सीमा, सुभाष, महेंद्र ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया।




**नेत्र रोग विभाग**
नेत्र रोग सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज व सर्जरी जैसे :–
◇ बिना सुई व टांके के फैको विधि द्वारा मोतिया बिन्द का ऑपरेशन (MICS - Phaco)
◇ कोर्निया के घाव/सूजन का ईलाज (Corneal Ulcer and Keratitis)
◇ काले पानी (Glaucoma) व आंखों के दबाब की जाँच व उपचार (Gonioscopy & Intraocular Pressure Measurement using Applanation Tonometer & Computerised NCT)
◇ नाखूने (Pterygium) का ऑपरेशन – Conjunctival Autografting & Amniotic Membrane Grafting
◇ ब्लड शुगर से खराब हुए आँखों के परदे का ईलाज (Diabetic Retinopathy)
◇ मोतिया बिंद के ऑपरेशन के बाद आने वाली झिल्ली/जाले की लेज़र द्वारा सफाई
**विशेषताएं :–**
◇ दुनिया की सबसे उत्तम व हरियाणा की सबसे पहली PHACO मशीन ALCON LEGION (USA)
◇ दुनिया की सबसे उत्तम माइक्रोस्कोप में से एक ZEISS LUMERA (GERMANY)
◇ कैशलैस सुविधा उपलब्ध
◇ सोनीपत का सबसे पहला NABH प्रमाणित अस्पताल (HCO)
**Dr. Rahul Gupta**
MBBS, MS, FICO, MRCS
Fellowship in Cataract and Anterior Segment Microsurgery
OPD - Mon to Sat 9 AM to 1 PM & 4 PM to 5PM
Previously associated with Maulana Azad Medical College Delhi, Institute of Ophthalmology of AMU Aligarh & Ex-Consultant Incharge- Dr. Shroff's Charity Eye Hospital
**FIMS HOSPITAL**
Bahalgarh-Sonipat Road, Sonipat, Haryana
www.fimssonipat.com | 0130-2205000 | Follow us:
"On panel of CGHS, Haryana Govt., ESI, ECHS, Delhi Gov, Railway, NDMC, DJB, FCI, MCD, AAI, DTL, DTC, TPDDL, Raksha, Star, and all Major Insurance Companies, TPAs, & PSUs."